

देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंकः 27 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**दुलत डॉक्ट्रीन का मकसद क्या?



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 27 अप्रैल 2022



मौसम अधिकतम 37.0° न्यूनतम 24.0° | 41243.40 | 2 कराची यूनिवर्सिटी में हुआ ब्लास्ट | 7 लोग चाहते थे कि मैं नाकाम हो जाऊं

# ऐतिहासिक होने वाली है चारधाम यात्रा

## मुख्यमंत्री धामी पहुंचे केदारनाथ धाम, पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। इसके लिए मुख्यमंत्री धामी मंगलवार की सुबह धाम पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने यहां केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की। साथ ही उन्होंने इस दौरान आगामी केदारनाथ यात्रा की तैयारियों का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने केदारनाथ धाम में पूर्ण हो चुके सरस्वती आस्था पथ का निरीक्षण किया। निर्माणाधीन मंदाकिनी आस्था पथ को अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। परिसर के आस-पास हो रहे पहाड़ी शैली में भवनों के निर्माण कार्यों की जानकारी ली। वहीं उन्होंने कालीमठ मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा अनुसार प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। साथ ही बरसात के दौरान यात्रियों की सुविधा अनुसार ड्रेनेज सिस्टम को विकसित किया जाएगा। वर्तमान में केदारनाथ धाम के निर्माण हेतु करीब 700 श्रमिक कार्यरत हैं। उन्होंने बताया केदारघाटी में ब्रह्म कमल वाटर पार्क का निर्माण किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ ट्रैक की जानकारी लेते हुए यात्रियों की सुविधा अनुसार विभिन्न जगहों पर ठहरने, पानी एवं बरसात के दौरान रैन सेटर के निर्माण कार्यों में गति लाने की बात कही। धामी ने मंदाकिनी एवं सरस्वती नदी के किनारे सुरक्षा दीवार के साथ रेलिंग के निर्माण कराए जाने की बात कही।

साथ ही उन्होंने वासुकी ताल ट्रैक को विकसित किए जाने से संबंधित जानकारी लेते हुए इसमें शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदार घाटी का निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों अनुसार किए जाने की बात कही। विधायक शैला रानी रावत, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, उपजिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

**छह मई को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट**

धामी के केदारनाथ दौरे को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छह मई को केदारनाथ धाम आगमन की संभावनाओं से जोड़कर भी देखा जा रहा है। बता दें कि आगामी छह मई को केदारनाथ धाम के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे।



### श्रमिकों का हालचाल जाना

मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदार घाटी के निर्माण में अहम योगदान दे रहे श्रमिकों का हालचाल जाना व उनकी हर समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रमिकों से वार्ता कर निर्माण कार्यों में आ रही समस्याओं को जाना व उनके अहम योगदान के लिये धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर के आसपास मुख्य मार्ग में अस्त-व्यस्त पड़े मलबे, निर्माणाधीन सामग्री को हटाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बर्फ पिघलने के साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ तेजी लाने के निर्देश दिए।

**कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं मिलाः** वहीं शासन में उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार अभी तक प्रधानमंत्री का कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं मिला है, लेकिन यदि वह आते हैं तो शासन-प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी हैं। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी को जब भी समय मिलता है, वह बाबा केदार के दर्शन को चले आते हैं।

### केदारनाथ पुनर्निर्माण के कार्य प्राथमिकताः डीएम

रुद्रप्रयाग जिलाधिकारी के रूप में वर्ष 2013 के आइएएस मयूर दीक्षित ने कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वह उत्तरकाशी के डीएम थे। कोषागार में वित्त से संबंधित चार्ज संभालने के बाद कलेक्ट्रेट में अधिकारी व कर्मचारियों के साथ डीएम ने बैठक की। डीएम ने केदारनाथ यात्रा को बेहतर करने व केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने को अपनी प्राथमिकता बताया। डीएम मयूर दीक्षित ने कहा कि केदारनाथ यात्रा पर आने वाले भक्तों को बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। यात्रा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएंगी। केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्य को गति दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### यूट्यूब चैनलों के खिलाफ दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को उन यूट्यूब चैनलों को कड़ी चेतावनी जारी की, जो झूठी खबरें फैलाने में शामिल हैं, जो आतंक पैदा करते हैं, सांप्रदायिक वैमनस्य को भड़काते हैं और जिनसे भारत में कानून व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ती हैं। .ठाकुर ने कहा कि हम भविष्य में भी भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए इसी तरह की कार्रवाई करना जारी रखेंगे।

### अब 5 के लिए भी शुरू होगा टीकाकरण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोविड टीकाकरण अभियान में भारत एक कदम और आगे बढ़ा है। केंद्र ने मंगलवार को बच्चों के टीकाकरण के लिए अहम घोषणा की है। सरकार ने पांच साल से ज्यादा उम्र के बच्चों के लिए टीके की मंजूरी दे दी है। देश में अभी 12 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों को टीके की खुराक दी जा रही है।

# एलन मस्क की हुई अब 'नीली चिड़िया'

## माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर को 44 अरब डॉलर देकर खरीद लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। टेस्ला और स्पेसएक्स कंपनी के मालिक और धरती के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क ने माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर को 44 अरब डॉलर देकर खरीद लिया है। नीली चिड़िया पर एलन मस्क का कब्जा होते ही दुनियाभर में आशंकाओं के बादल उमड़ने लगे हैं। #leavingtwitter हैशटैग ट्विटर पर टॉप ट्रेंड कर रहा है। यही नहीं मस्क के धुर विरोधी और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर इंसान जेफ बेजोस ने एक बड़ी चिंता की ओर ध्यान दिलाया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या अब ट्विटर पर चीन का दबाव बढ़ जाएगा क्योंकि मस्क के बिजनस हित चीन से जुड़े हुए हैं।

जेफ बेजोस ने सवाल किया कि क्या उनके साथी अरबपति एलन मस्क चीन के दबाव के खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि चीन में टेस्ला के मालिक की बहुत ज्यादा बिजनस जिम्मेदारी है। हालांकि इसके जवाब में जेफ बेजोस यह भी कहते हैं, क्या चीन सरकार को ट्विटर पर कुछ बढ़त हासिल हो गई है? इस सवाल पर मेरा जवाब होगा संभवतः नहीं। इस बात की ज्यादा संभावना है कि ट्विटर पर सेंसरशिप की बजाय चीन में टेस्ह्ला के लिए मुश्किलें बढ़ जाएंगी। लेकिन हमें अभी इसे देखना होगा। मस्क इस तरह की जटिलता को बहुत अच्छे से संभालना जानते हैं।

इससे पहले चीन की वामपंथी सरकार ने ट्विटर को बैन कर दिया था और यह डर सता रहा है कि चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी विदेशों में बसे यूजर्स को चीन की आलोचना करने से रोकने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर सकते हैं। ट्विटर डील के बाद एलन मस्क ने दावा किया है कि वह अभिव्यक्ति की आजादी को बढ़ावा देंगे। बेजोस और मस्क के बीच अंतरिक्ष में जोरदार प्रतिद्वंदिता चल रही है।

### चीन टेस्ला का दूसरा सबसे बड़ा बाजार

बेजोस ने यह टिप्पणी ऐसे समय पर की है जब उन्होंने खुद साल 2013 में द वॉशिंगटन पोस्ट अखबार को खरीदा था। उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी और पत्रकारिता को समर्थन देने के लिए ऐसा किया था। बेजोस ने का कहना था कि मस्क की टेस्ला कंपनी चीन पर बुरी तरह से निर्भर है। चीन टेस्ला का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। चीन के निर्माता मस्क की कंपनी को बैटरी के कलपुर्जे की सप्लाई करते हैं।

# सड़क हादसे में एसडीएम लक्सर गंभीर रूप से घायल

संवाददाता

**हादसा**

■पीआरडी जवान गोविंद राम की मौके पर मौत

हरिद्वार। सड़क हादसे में एसडीएम लक्सर गंभीर रूप से घायल हो गई हैं तथा चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को एसडीएम लक्सर संगीता कनौजिया अपने चालक गोविंद राम के साथ हरिद्वार से बाईपास मार्ग होते हुए लक्सर आ रही थीं। तभी लक्सर रुड़की मार्ग पर स्थित सोलानी पुल पर सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी परखच्चे के उड़ गए तथा चालक गोविंद राम निवासी झबीरन की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एसडीएम गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। जिन्हें इलाज के लिए रुड़की के विनय विशाल नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। सूचना पर लक्सर कोतवाली व मंगलौर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

जिलाधिकारी विनय शंकर पांडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डाक्टर योगेंद्र सिंह रावत समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। फिलहाल ग्रीन कारिडोर बनाकर एसडीएम संगीता कनौजिया को देहरादून के किसी अस्पताल में ले जाने की तैयारी है। इस सड़क पर अक्सर भारी वाहन अनियंत्रित होकर तेज गति से चलते हैं।

**वाहन दुर्घटनाग्रस्ध्त होने की मजिस्ध्ट्रीयल जांच के निर्देशः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लक्सर-रुड़की मार्ग पर एसडीएम लक्सर के वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की मजिस्ट्रीयल जांच के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी हरिद्वार से घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में वाहन चालक की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने एसडीएम लक्सर संगीता कनौजिया के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: Gadoli Media Ventures

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in

# प्रशांत किशोर ने किया कांग्रेस में शामिल होने से इन्कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रशांत किशोर को कांग्रेस के शामिल करने के मुद्दे पर फिलहाल अब विराम लग गया है। उन्होंने पार्टी में शामिल होने से इनकार कर दिया है। इसकी पुष्टि न सिर्फ कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने की है, बल्कि खुद प्रशांत किशोर ने भी ट्वीट कर की है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस को उनसे अधिक एक ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो साझा प्रयास के जरिए पार्टी की आंतरिक समस्याओं को हल कर उसको दोबारा जमीन से जुड़ने में मदद कर सके। इसके लिए पार्टी को बड़े बदलाव या ट्रांसफार्मेशनल रिफार्म की जरूरत होगी।

प्रशांत किशोर ने अपने ट्वीट में कहा है कि उन्होंने कांग्रेस से मिले उस आफर को ठुकरा दिया है, जिसमें उनसे पार्टी ज्वाइन करने की अपील की गई थी।

उनके मुताबिक, उन्हें एंपावर्ड एक्शन ग्रुप की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसमें चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करनी थी प्रशांत किशोर का कहना है कि वो मानते हैं कि पार्टी में सुधार की जरूरत है।

### ऐसे नेतृत्व की जरूरत जो उसकी समस्याओं को हल कर सके